Adda247

GET IT ON Google Play

# UPPSC प्रति उपविद्यालय निरीक्षक (SDI) पुनर्परीक्षा 2006

## Part–II

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 04-07-2009)

### भाग-I : सामान्य हिन्दी

**1. 'पत्राही तिथि पाइए वा घर के चहुँ पास' पंक्ति में अलंकार है-**

(a) अनुप्रास (b) अतिशयोक्ति
(c) उत्प्रेक्षा (d) ऊहा

**Ans. (b) :** 'पत्राही तिथि पाइए वा घर के चहुँ पास' पंक्ति में अतिशयोक्ति अलंकार है। **अतिशयोक्ति अलंकार** काव्य में जहाँ किसी व्यक्ति की योग्यता अर्थात् सुन्दरता, वीरता, और उदारता को बढ़ा चढ़ाकर, लोक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए वर्णन किया जाए तो वहाँ पर अतिशयोक्ति अलंकार होता है।

**2. 'तो पर बारौं उरबसी, सुन राधिके सुजान।'**
**तू मोहन की उरबसी, ह्वै उरबसी समान।।'**
**इस अवतरण में कौन-सा अलंकार है–**

(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक

**Ans. (b) :** 'तो पर बारौं उरबसी, सुन राधिके सुजान।'
तू मोहन की उरबसी, ह्वै उरबसी समान।।'
इस अवतरण में 'यमक' अलंकार है, क्योंकि जहाँ पर कोई शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हो और प्रत्येक बार उसके अर्थ भिन्न-भिन्न हों वहाँ यमक अलंकार होता है। दी गई पंक्ति के दूसरे पंक्ति में उरबसी शब्द दो बार आया है और दोनों बार इसके अर्थ भिन्न-भिन्न हैं जो निम्नलिखित हैं–
(1) उरबसी– उर्वशी (अप्सरा)
(2) उरवसी– हृदय में वास करने वाली।

**3. 'पीपर पात सरिस मनडोला', पंक्ति में अलंकार है-**

(a) उत्प्रेक्षा (b) उपमा
(c) रूपक (d) अतिशयोक्ति

**Ans. (b) :** 'पीपर पात सरिस मनडोला' पंक्ति में उपमा अलंकार है। ऊपर दिए गए उदाहरण में मन को पीपल के पत्ते कि तरह हिलता हुआ बताया जा रहा है। इस उदाहरण में मन उपमेय है, 'पीपर पात' **उपमान** है, **डोला- साधारण धर्म** है एवं **सरिस** अर्थात के समान, **वाचक** शब्द है।

**4. 'मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

(a) उपमा (b) रूपक
(c) अनुप्रास (d) यमक

**Ans. (c) :** 'मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए।' पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है। उपर्युक्त उदाहरण में 'म' एवं 'स' वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार हुआ है, जो कि अनुप्रास अलंकार का मूलभूत लक्षण है।

**5. 'चरण धरत चिंता करत, चितवत चारिउ ओर।**
**सुबरन को ढूँढ़त फिरत, कबि ब्यभिचारी चोर।।'**
**उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है-**

(a) श्लेष (b) यमक
(c) उपमा (d) रूपक

**Ans. (a) :** 'चरण धरत चिंता करत, चितवत चारिउ ओर।
सुबरन को ढूँढ़त फिरत, कबि ब्यभिचारी चोर।।'
उपर्युक्त दोहे में श्लेष अलंकार है। श्लेष अलंकार के प्रमुख लक्षण के अनुसार यहाँ 'सुबरन' का अर्थ एक से अधिक है। (1) कवि के सन्दर्भ में 'सुबरन' अर्थ होगा– सुन्दर वर्ण। (2) व्यभिचारी के सन्दर्भ में 'सुबरन' का अर्थ होगा– सुन्दर स्त्री (3) चोर के सन्दर्भ में 'सुबरन' का अर्थ होगा– स्वर्ण।

**6. 'तीन बेर खाती, सो वे तीन बेर खाती हैं।' पंक्ति में अलंकार चयनित कीजिए-**

(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) अन्योक्ति (d) यमक

**Ans. (d) :** 'तीन बेर खाती, सो वे तीन बेर खाती हैं।' पंक्ति में 'यमक' अलंकार है। उपर्युक्त पंक्ति 'बेर' शब्द एक से अधिक बार प्रयोग में आया हुआ है, जिसका प्रत्येक बार अर्थ भिन्न-भिन्न है। पहले बेर का अर्थ- बार (तीन बार), दूसरे बेर का अर्थ- बैर (फल) है।

**7. 'चरण-कमल बन्दौ हरिराई'। पंक्ति में अलंकार है-**

(a) उपमा (b) रूपक
(c) श्लेष (d) अतिशयोक्ति

**Ans. (b) :** 'चरण-कमल बन्दौ हरिराई'। पंक्ति में 'रूपक' अलंकार क्योंकि श्रीकृष्ण के चरणों को कमल रूपी बताया गया है।
**रूपक अलंकार-** जहाँ उपमेय को उपमान का रूप मान कर दोनों में अभेद किया जाय, वहाँ पर रूपक अलंकार होता है।

**8. 'उस काल मारे क्रोध के, तन काँपने उनका लगा।**
**मानों हवा के शोर से, सोता हुआ सागर जगा।।'**
**इस उद्धरण में कौन-सा अलंकार है-**

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक

**Ans. (c) :** 'उस काल मारे क्रोध के, तन काँपने उनका लगा।
मानों हवा के शोर से, सोता हुआ सागर जगा।।'
इस उद्धरण में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है। जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना या कल्पना की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। इस अलंकार में मनु, मनहुँ, मानों, जनु, जनहुँ, जानों शब्दों का प्रयोग होता है, जो कि इसकी पहचान है।

**9. निम्नलिखित विकल्पों में से शब्दालंकार को चिह्नित कीजिए-**

(a) यमक (b) रूपक
(c) व्यतिरेक (d) प्रतीप

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में 'यमक अलंकार' **शब्दालंकार** है। अन्य **विकल्प रूपक**, व्यतिरेक, प्रतीप अर्थालंकार के **भेद है। जहाँ** केवल शब्दों के द्वारा चमत्कार उत्पन्न होता है , वहाँ शब्दालंकार होता है। अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति तथा पुनरुक्ति प्रकाश शब्दालंकार के भेद हैं।

**10. नीचे लिखे विकल्पों में से कौन-सा विकल्प रूपक अलंकार से संबंधित है-**

(a) इसका मुख चन्द्रमा के समान है
(b) चन्द्रमा इसके मुख के समान है
(c) इसका मुख ही चन्द्रमा है
(d) यह मुख है अथवा चन्द्रमा

**Ans. (c) :** दिये विकल्पों में 'इसका मुख ही चन्द्रमा है' रूपक अलंकार से संबंधित है। शेष इस प्रकार हैं–

- इसका मुख चन्द्रमा के समान है- **उपमा**
- चन्द्रमा इसके मुख के समान है- **प्रतीप**
- यह मुख है अथवा चन्द्रमा- **संदेह**

**11. शांत रस का स्थायी भाव है-**

(a) वैराग्य (b) क्षमा
(c) दया (d) निर्वेद

**Ans. (a&d) :** 'वैराग्य'एवं 'निर्वेद' दोनों ही शांत रस के स्थायी भाव हैं। अन्य विकल्प स्थायी भाव नहीं है। रसों की संख्या नौ है, जो निम्नवत हैं–

| रसों के नाम | स्थाई भाव |
|---|---|
| 1. शृंगार रस | रति |
| 2. करुण रस | शोक |
| 3. अद्भुत रस | विस्मय |
| 4. रौद्र रस | क्रोध |
| 5. वीर रस | उत्साह |
| 6. हास्य रस | हास |
| 7. भयानक रस | भय |
| 8. वीभत्स रस | जुगुप्सा/घृणा |
| 9. शान्त रस | निर्वेद/शम/वैराग्य |

**12. किस रस का स्थायी भाव 'रति' है-**

(a) भक्ति (b) शृंगार
(c) दोनों का (d) दोनों का नहीं

**Ans. (c) :** शृंगार, भक्ति एवं वात्सल्य तीनों ही रसों का स्थायी भाव रति होता है। इनको निम्नलिखित प्रकार से पृथक करते हैं–

- दाम्पत्य विषयक रति – **शृंगार**
- ईश्वर विषय रति – **भक्ति**
- संतान विषयक रति – **वात्सल्य**

स्पष्ट है कि विकल्प (c) दोनों का सही उत्तर है।

**13. हिन्दी काव्य-रसों की कुल संख्या है-**

(a) ग्यारह (b) दस
(c) नौ (d) आठ

**Ans. (c) :** हिन्दी काव्य रसों की कुल संख्या 'नौ' है। जिसमें शान्त रस को बाद में जोड़ा गया है। भरत मुनि के अनुसार रसों की संख्या 'आठ' है, जिसमें 'शांत रस' को नहीं जोड़ा गया है।

**14. 'यशोदा हरि पालनैं झुलावैं।**
**हलरावैं दुलराय मल्हावैं जोई सोई कछू गावैं॥'**
**इस अवतरण में कौन-सा रस है?**

(a) शृंगार रस (b) वात्सल्य रस
(c) शांत रस (d) करुण रस

**Ans. (b) :** 'यशोदा हरि पालनैं झुलावैं।
हलरावैं दुलराय मल्हावैं जोई सोई कछू गावैं।।'
इस अवतरण में 'वात्सल्य रस' है। वात्सल्य रस–छोटे बालकों के बाल-सुलभ, क्रिया-कलापों के वर्णन से उत्पन्न वात्सल्य प्रेम की परिपक्वास्था को वात्सल्य-रस कहते हैं।

**15. 'उत्साह' स्थायीभाव से किस रस की निष्पत्ति होती है?**

(a) शांत (b) भयानक
(c) रौद्र (d) वीर

**Ans. (d) :** 'उत्साह' स्थायी भाव 'वीर रस' की निष्पत्ति होती है। उत्साह नामक स्थायी भाव जब विभवादि के संयोग से परिपक्व होकर रस रूप में परिणत होता है तब वीर-रस कहलाता है। वीर रस के चार भेद होते हैं– (1) युद्धवीर (2) दानवीर (3) धर्मवीर (4) दयावीर।

**16. 'नभ में झटपत बाज लखि, भूल्यो सकल प्रपंच।**
**कंपित तनु ब्याकुल नयन, लावक हिल्यों न रंच॥'**
**इस उद्धरण में कौन-सा रस है?**

(a) रौद्र रस (b) वीभत्स रस
(c) भयानक रस (d) वीर रस

**Ans. (c) :**
'नभ में झटपत बाज लखि, भूल्यो सकल प्रपंच।
कंपित तनु ब्याकुल नयन, लावक हिल्यों न रंच।।'
इस उद्धरण में 'भयानक रस' है। पंक्ति में वर्णित कथ्य के अनुसार नायक आकश में झपटते हुए बाजों को देखकर भयवश समस्त सांसारिक व्यवहार भूल जाता है और उसका शरीर काँपने लगता है तथा नेत्र व्याकुल हो जाते हैं तथा वह अपने स्थान से तनिक भी हट नहीं पाता।

**17. 'निसिचर हीन करहुँ महि भुज उठाई पन कीन्ह।**
**सकल मुनिन्ह के आश्रमन जाइ जाइ सुख दीन्ह॥'**
**उपर्युक्त उद्धरण में किस रस की निष्पत्ति हुई है?**

(a) करुण (b) वीर
(c) रौद्र (d) भयानक

**Ans. (c) :**
'निसिचरहीन करहुँ महि भुज उठाई पन कीन्ह।
सकल मुनिन्ह के आश्रमन जाइ जाइ सुख दीन्ह।।'
उपर्युक्त उद्धरण में 'वीर रस' की निष्पत्ति हुई है। इस रस का स्थायी भाव 'उत्साह' है। अन्य रस व स्थायी भाव इस प्रकार है।

| रस | स्थायी भाव |
|---|---|
| करुण | शोक |
| रोद्र | क्रोध |
| भयानक | भय |

Adda247 GET IT ON Google Play

18. गुरु गोबिंद तो एक है, दूजा यह आकार।
आपा मेटि जीवति मरै, तो पावै करतार।।
उपर्युक्त दोहे में किस रस का परिपाक हुआ है?
(a) शृंगार (b) करुण
(c) अद्भुत (d) शांत

Ans. (d) : उपर्युक्त दोहे में 'शांत रस' का परिपाक हुआ है। इसका स्थायी भाव 'निर्वेद' है। जब भौतिक संसार की नश्वरता का भान हो जाय और मन में उसके प्रति विरक्ति आ जाए तथा ईश्वरादि के प्रति अनुरक्ति दिखाई जाए तब शांत रस होता है। अन्य रस व स्थायी भाव इस प्रकार है–

| रस | स्थायी भाव |
|---|---|
| शृंगार | रति |
| करुण | शोक |
| अद्भुत | विस्मय |

19. रौद्र रस का स्थायी भाव है-
(a) क्रोध (b) विस्मय
(c) शोक (d) भय

Ans. (a) : रौद्र रस का स्थायी भाव 'क्रोध' है। जब कोई व्यक्ति आपको बुरा-भला कहता है, अपमान करता है तो उससे जो क्रोध उत्पन्न होता है उसे रौद्र रस कहते हैं। अन्य रस का स्थायी भाव इस प्रकार है–

| रस | स्थायी भाव |
|---|---|
| अद्भुत | विस्मय |
| करुण | शोक |
| भयानक | भय |

20. 'जलमग्न' शब्द में समास होगा-
(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

Ans. (c) : 'जलमग्न' शब्द में 'तत्पुरुष' समास होगा। जिस समास में पूर्वपद गौण हो और उत्तरपद प्रधान हो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। **जैसे–** जलमग्न इसका विग्रह होगा- 'जल में मग्न (डूबा हुआ)' यहाँ अधिकरण तत्पुरुष समास है।
**बहुव्रीहि–** जिस समास में दोनों पद अप्रधान हों तथा दोनों मिलकर तीसरे अर्थ की ओर संकेत करें वहाँ बहुव्रीहि समास होता है जैसे– 'पीतांबर' इसका विग्रह होगा– पीला है अम्बर (वस्त्र) जिसका अर्थात् श्रीकृष्ण।
**द्वंद्व–** जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, उसे द्वंद्व समास कहते है। **जैसे–** अन्न-जल, इसका विग्रह- अन्न और जल।
**कर्मधारय–** इसके पूर्वपद एवं उत्तरपद के मध्य या तो 'विशेषण-विशेष्य' या 'उपमेय-उपमान' का सम्बन्ध पाया जाता है।
**जैसे–** चरणकमल इसका विग्रह–कमल के समान चरण। इसमें 'उपमेय-उपमान' सम्बन्ध है।

21. 'बज्रपाणि' शब्द में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु

Ans. (b) : 'बज्रपाणि' शब्द में बहुव्रीहि समास है। इसका विग्रह- वज्र है जिसके पाणि (हाथ) में अर्थात् इंद्र। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं है।

22. 'पंचवटी' शब्द में समास होगा-
(a) बहुव्रीहि (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु

Ans. (d) : 'पंचवटी' शब्द में 'द्विगु' समास होगा। जिस समास में प्रथम पद संख्यावाची विशेषण और अन्तिम पद संज्ञा हो, उसे द्विगु समास कहते हैं। जैसे- पंचवटी, इसका विग्रह है– पाँच वट वृक्षों का समूह।

23. 'सुनीता के बच्चे घास-फूस की तरह बढ़ रहे हैं'! उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'घास-फूस' शब्द में समास होगा-
(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव

Ans. (b) : उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'घास-फूस' शब्द में 'द्वंद' समास होगा। जिस सामासिक पद में दोनों पद प्रधान होते हैं, उसे द्वंद समास कहते हैं।

24. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?
(a) शूलपाणि (b) यथाक्रम
(c) हँसमुख (d) हथकड़ी

Ans. (a) : 'शूलपाणि' शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है। इसका विग्रह है- शूल है पाणि (हाथ) में जिसके अर्थात् शंकर। अन्य पद में निहित समास व उनका विग्रह इस प्रकार है–

| शब्द | समास-विग्रह | समास |
|---|---|---|
| यथाक्रम | क्रम के अनुसार | अव्ययीभाव |
| हँसमुख | हँसता हुआ मुख | कर्मधारय |
| हथकड़ी | हाथ के लिए कड़ी | तत्पुरुष |

25. इनमें से कौन-सा शब्द 'द्विगु' समास है?
(a) भुजदण्ड (b) माखनचोर
(c) पंचशील (d) चतुर्भुज

Ans. (c) : 'पंचशील' शब्द द्विगु समास का उदाहरण है। इसका विग्रह है– पाँच शीलों (गुणों) का समूह। अन्य समास व विग्रह इस प्रकार हैं–

| शब्द | विग्रह | समास |
|---|---|---|
| भुजदण्ड | दंड के समान भुजा | कर्मधारय |
| माखनचोर | माखन को चुराने वाला अर्थात कृष्ण | बहुव्रीहि |
| चतुर्भुज | चार है भुजाएँ जिसकी अर्थात् (विष्णु) | बहुव्रीहि |

26. 'प्रतिदिन' शब्द में समास होगा-
(a) द्विगु (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

Ans. (d) : 'प्रतिदिन' शब्द में 'अव्ययीभाव' समास है। अव्ययी समास में पूर्वपद अव्यय होता एवं पूर्वपद ही प्रधान होता समस्तपद या सामासिक पद अव्यय की भांति कार्य करता है।

27. जिन समस्त पदों में पहला शब्द संख्यावाची हो और उससे समुदाय का बोध होता हो तो उसे कहते हैं-
(a) द्विगु समास (b) द्वन्द्व समास
(c) कर्मधारय समास (d) अव्ययीभाव समास

Ans. (a) : जिन समस्त पदों में पहला शब्द संख्यावाची हो और उससे समुदाय का बोध होता है, तो उसे 'द्विगु' समास कहते हैं। जिस समास में दोनों पद प्रधान होते है, उसे द्वंद्व समास कहते हैं। जिस समास में पहला पद विशेषण, दूसरा पद विशेष्य होता है, उसे 'कर्मधारय' समास कहते हैं।

28. जिसमें पहला शब्द विशेषण हो और दूसरा शब्द विशेष्य तो उसे कौन-सा समास कहेंगे?
(a) द्विगु (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष

Ans. (b) : जिसमें पहला शब्द विशेषण हो और दूसरा शब्द विशेष्य हो तो उसे 'कर्मधारय समास' कहते है। कर्मधारय समास का उत्तरपद प्रधान होता है। इसके पूर्वपद एवं उत्तरपद के मध्य निम्नानुसार सम्बन्ध होता है–
(1) विशेषण-विशेष्य (2) उपमेय-उपमान।

29. 'कमल' शब्द का पर्यायवाची होगा-
(a) कन्दर्प (b) अनंग
(c) घनेश (d) इन्दीवर

Ans. (d) : 'कमल' का पर्यायवाची 'इन्दीवर' होगा। इसके अन्य पर्याय– जलज, पंकज, अम्बुज, पुंडरीक, जलजात, पद्म, सरोज, नलिन, राजीव, अरविंद आदि। कन्दर्प एवं अनंग 'कामदेव' के पर्यायवाची शब्द हैं। 'धनेश' का आशय 'कुबेर' होता है।

30. 'क्रोध' के लिए इन दिये गए पर्यायवाची शब्दों में एक गलत शब्द है, उसे चयनित कीजिए-
(a) रोष (b) अमर्ष
(c) स्वत्व (d) कोप

Ans. (c) : 'क्रोध' के लिए दिये गए पर्यायवाची शब्दों में 'स्वत्व' गलत शब्द है। स्वत्व का पर्याय- स्वामित्व, अधिकार, हक होगा। क्रोध का पर्याय- रोष, अमर्ष, कोप है।

31. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों में से जो एक शब्द- 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चिह्नित कीजिए-
(a) केकी (b) कीश
(c) शिखी (d) शिखण्डी

Ans. (b) : 'मोर' का पर्यायवाची 'कीश' नहीं है बल्कि 'कीश' बन्दर का पर्याय है। इनके अन्य पर्याय- कपि, वानर, शाखामृग, मर्कट, हरि आदि। मोर का पर्याय- केकी, शिखी, शिखण्डी, ध्वजी, कलापी, नीलकण्ठ, भुजंगारि, सारंग, मयूर आदि।

32. इनमें से कौन-सा शब्द 'कृष्णा' का पर्यायवाची है?
(a) राधा (b) रुक्मिणी
(c) द्रोपदी (d) यशोदा

Ans. (c) : 'कृष्णा' का पर्यायवाची 'द्रौपदी' है इनके अन्य पर्यायवाची पांचाली, द्रुपदसुता, याज्ञसेनी, सैरन्ध्री आदि। राधा का पर्याय है– वृषभानुजा, हरिप्रिया, ब्रजरानी, राधिका आदि।

33. इनमें से एक शब्द 'बैल' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चयनित कीजिए
(a) अश्म (b) वृषभ
(c) बलीवर्द (d) गो

Ans. (a) : 'बैल' का पर्यायवाची 'अश्म' नहीं है बल्कि अश्म 'पत्थर' का पर्याय है। अश्म का अन्य पर्याय- पाहन, प्रस्तर, पाषाण आदि। जबकि वृषभ, बलीवर्द, गो, बैल के पर्याय हैं।

34. निम्नलिखित में से जो शब्द 'सौन्दर्य' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चयनित कीजिए-
(a) सुषमा (b) शोभा
(c) सुन्दरता (d) रमणी

Ans. (d) : 'सौन्दर्य' का पर्यायवाची रमणी नहीं है, बल्कि 'रमणी' युवती का पर्याय है इनके अन्य पर्याय- सुन्दरी, श्यामा, किशोरी, तरुणी, नवोढ़ा, यौवनवती आदि। जबकि सुषमा, शोभा, सुन्दरता 'सौन्दर्य' का पर्याय है।

35. निम्नलिखित विकल्पों में, से एक शब्द 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चयनित कीजिए-
(a) तरंगिणी (b) तटिनी
(c) तरिणी (d) सरिता

Ans. (c) : 'नदी' का पर्यायवाची तरिणी नहीं है बल्कि 'तरणी' नौका का पर्याय है। इसके अन्य पर्याय- डोंगी, पतंग, तरी, बेड़ा, तरणि, नैया, नाव आदि। जबकि नदी का पर्याय- तरंगिणी, तटिनी, सरिता, पयस्विनी, लहरी आदि है।

36. नीचे दिए गए विकल्पों में से एक शब्द 'घर' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चयनित कीजिए-
(a) भवन (b) भुवन
(c) निकेतन (d) सदन

Ans. (b) : 'भुवन' घर का पर्यायवाची न होकर संसार का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– लोक, जगत, विश्व, दुनिया आदि। जबकि अन्य तीनों विकल्प भवन, निकेतन, सदन, घर के पर्यायवाची शब्द है। घर के अन्य पर्यायवाची शब्द- गृह, धाम, निवास आदि हैं।

37. इनमें से कौन-सा शब्द 'पार्थ' का पर्यायवाची है?
(a) भीष्म (b) श्रीकृष्ण
(c) युधिष्ठिर (d) अर्जुन

Ans. (d) : 'पार्थ' का पर्यायवाची 'अर्जुन' है।
इसके अन्य पर्यायवाची शब्द निम्नवत् हैं–
पार्थ – धनजंय, गुड़ाकेश, वृहन्नला, सव्यसाची आदि।
भीष्म– गंगापुत्र, शांतनुसुत, भीष्म पितामह, देवव्रत।
श्रीकृष्णा– श्याम, नंदनंदन, वासुदेव, यशोदानंदन, मुरारि, माधव आदि।
युधिष्ठिर– धर्मपुत्र, धर्मराज, कौन्तेय, अजातशत्रु आदि है।

38. 'मौन' शब्द का विलोम है-
(a) मुखरता (b) मूकता
(c) वाचालता (d) प्रगल्भता

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** 'मौन' का विलोम 'मुखरता' है। अन्य विलोम शब्द इस प्रकार हैं–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| वाचाल | मूक |
| प्रगल्भ | अप्रगल्भ |

**39. 'निर्दय' का विलोम शब्द है-**
(a) सहृदय (b) सहृय
(c) सभय (d) सदय

**Ans. (d) :** निर्दय का विलोम सदय है। शेष विलोम शब्द इस प्रकार है–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| निर्दय | सदय |
| निर्भय | सभय |
| हृदयहीन | सहृदय |
| असह्य | सह्य |

**40. 'तिमिर' का विलोम शब्द है-**
(a) प्रकाश्य (b) आलोक
(c) ज्योतिर्मय (d) आभास

**Ans. (b) :** 'तिमिर' का सही विलोम शब्द आलोक है। ज्योर्तिमय शब्द अंधकारमय का विलोम है। अन्य विकल्प असंगत है।

**41. 'तीक्ष्ण' का विलोम शब्द है-**
(a) मंद (b) तीव्र
(c) प्रखर (d) क्षीण

**Ans. (a) :** 'तीक्ष्ण' का विलोम शब्द 'मंद' है, जबकि तीव्र का विलोम 'मंद' होता है।

**42. 'कृत्रिम' का विलोमार्थी शब्द है-**
(a) प्राकृतिक (b) स्वनिर्मित
(c) स्वाभाविक (d) स्वचालित

**Ans. (a) :** 'कृत्रिम' का विलोमार्थी शब्द 'प्राकृतिक' है। स्वाभाविक का विलोम 'अस्वाभाविक' होगा।

**43. 'उदात्त' का विलोमार्थी शब्द है-**
(a) उद्धत (b) दानशील
(c) अनुदात्त (d) क्षमावान्

**Ans. (c) :** 'उदात्त' का विलोम 'अनुदात्त' है, उद्धत का विलोम सौम्य या विनीत होगा। शेष इस प्रकार है-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| उद्धृत | अनुद्धृत |
| दानशील | कृपण |
| क्षमावान् | क्रोधी |

**44. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा शब्द 'उदार' का विलोम है-**
(a) कठोर (b) निर्भय
(c) अपव्यय (d) अनुदार

**Ans. (d) :** 'उदार' का विलोम शब्द 'अनुदार' होगा। अन्य विलोमार्थी शब्द इस प्रकार हैं–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| कठोर | मृदु, कोमल |
| निर्भय | सभय |
| अपव्यय | मितव्यय |

**45. इनमें से कौन-सा शब्द 'शुक्ल' का विलोम है-**
(a) काला (b) कृष्ण
(c) असित (d) श्यामल

**Ans. (b) :** 'शुक्ल' का विलोम 'कृष्ण' होगा जबकि काला का विलोम 'सफेद' होगा। 'असित' (काला) का विलोम 'सित' (श्वेत) होता है।

**46. इनमें से कौन-सा शब्द 'प्रस्थान' का विलोम है-**
(a) आगमन (b) गमनागमन
(c) निगम (d) निर्गम

**Ans. (a) :** 'प्रस्थान' शब्द का विलोम 'आगमन' है और निगम, आगम परस्पर विलोम है।

**47. 'ससुर' शब्द का तत्सम रूप होगा-**
(a) सस्वर (b) स्वश्रु
(c) श्वसुर (d) सुसुर

**Ans. (c) :** 'ससुर' शब्द का तत्सम रूप 'श्वसुर' होगा। सस्वर तत्सम रूप में है और सुसुर शब्द असंगत शब्द है।

**48. 'पलंग' का तत्सम रूप है-**
(a) प्लवंग (b) परमंग
(c) प्लूंग (d) पर्यंक

**Ans. (d) :** 'पलंग' का तत्सम शब्द 'पर्यंक' होगा। 'प्लवंग' बन्दर का पर्यायवाची शब्द है।

**49. 'ओठ' किस श्रेणी का शब्द है-**
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) विदेशी

**Ans. (a) :** 'ओठ' तद्भव श्रेणी का शब्द है। इसका तत्सम रूप 'ओष्ठ' होगा। हिन्दी में प्रचलित संस्कृत के शब्दों को तत्सम शब्द कहते हैं। जबकि तत्सम शब्दों से उत्पन्न या उनसे विकसित शब्दों को 'तद्भव' शब्द कहते हैं।

**50. इनमें से तत्सम शब्द का चयन कीजिए-**
(a) कान (b) दिन
(c) बाहर (d) जमुना

**Ans. (b) :** चारो विकल्पों में 'दिन' शब्द तत्सम रूप में है। अन्य शब्द तद्भव रूप में है। कान का तत्सम कर्ण, बाहर का बाह्य और जमुना का तत्सम रूप यमुना होगा।

**51. 'ईख' तद्भव शब्द का तत्सम रूप कौन-सा है?**
(a) गन्ना (b) ईक्ख
(c) इक्षु (d) इक्क्षू

**Ans. (c) :** 'ईख' शब्द का तत्सम 'इक्षु' है। अन्य तीनों विकल्प असंगत है।

52. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द 'अटारी' का तत्सम रूप होगा-
(a) अटारिका (b) अटालिका
(c) अटाल्लिका (d) अट्टालिका

Ans. (d) : 'अटारी' शब्द का तत्सम रूप 'अट्टालिका' होगा जबकि अटारिका, अटालिका और अटाल्लिका असंगत शब्द हैं।

53. निम्नलिखित विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए-
(a) वानर (b) बन्दर
(c) भ्रमर (d) पवन

Ans. (b) : उक्त विकल्पों में 'बन्दर' शब्द तद्भव रूप में है। बन्दर का तत्सम रूप 'वानर' होगा। भ्रमर का तद्भव का रूप भँवरा होता है। 'पवन' तत्सम शब्द है।

54. 'तद्भव' से 'तत्सम' बने सही शब्द-युग्म को चिह्नित कीजिए-
(a) सत्ता > हाथ (b) रत्ता > रात
(c) पत्ता > पत्र (d) नच्चा > नॉच

Ans. (c) : तद्भव से तत्सम बने सही शब्द युग्म है–

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| पत्ता | पत्र |
| हाथ | हस्त |
| रात | रात्रि |
| नाच | नृत्य |

55. 'कपड़ा' शब्द किस श्रेणी का शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशी

Ans. (b) : 'कपड़ा' शब्द **तद्भव** श्रेणी का है। इसका तत्सम रूप 'कर्पट' होगा।

56. 'मृत्यु + उपरांत' में संधि करने से एक निर्मित होगा-
(a) मृत्यूपरांत (b) मृत्योपरांत
(c) मृत्युपर्यन्त (d) मर्त्योपरांत

Ans. (a) : मृत्यु+उपरांत = मृत्यूपरांत। इसमें दीर्घ संधि है। जहाँ अ,आ, इ, ई तथा उ, ऊ के बाद समान स्वर आये तो उसका दीर्घ हो जाता है ।

57. 'अनधिकृत' शब्द का संधि-विग्रह होगा-
(a) अन + अधिकृत (b) अन् + अधिकृत
(c) अन्य + अधिकृत (d) अनधि + कृत

Ans. (b) : अनधिकृत का संधि विग्रह अन् + अधिकृत। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है।

58. 'कपि + ईश' का सही संधि-संयोजन कीजिए-
(a) कपिश (b) कपीश
(c) कपेश (d) कपिशि

Ans. (b) : 'कपि+ईश' का सही संधि- संयोजन 'कपीश' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ आए तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ हो जाते हैं।
जैसे– विद्यालय= विद्या+आलय, भानूदय = भानु+उदय आदि।

59. विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के संयोग से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे किस संधि के नाम से जानते हैं-
(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के संयोग से जो विकार उत्पन्न होता है उसे 'विसर्ग संधि' कहते हैं। स्वर के साथ स्वर का संयोग होने पर जो विकार उत्पन्न होता है, उसे स्वर संधि कहते है। व्यंजन के साथ स्वर अथवा व्यंजन का संयोग होने पर जो विकार उत्पन्न होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

60. 'परोपकार' शब्द का संधि-विच्छेद होगा-
(a) परा + उपकार (b) परो + पकार
(c) परोप + कार (d) पर + उपकार

Ans. (d) : 'परोपकार' शब्द का संधि-विच्छेद **पर+उपकार** होगा। यह गुण स्वर संधि का उदाहरण है। जब अ, आ के बाद इ, ई, उ, ऊ, ऋ आए तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ, और अर् हो जाता है। जैसे- महेश= महा+ईश, महोदय= महा+उदय।

61. 'मनः+ रमा' में संधि करने से जो शब्द बनेगा, उसका संबंध किस संधि से होगा?
(a) विसर्ग संधि (b) स्वर संधि
(c) व्यंजन संधि (d) भाव संधि

Ans. (a) : मनः + रमा = मनोरमा का सम्बन्ध विसर्ग संधि से होगा। यदि विसर्ग के पहले 'अ' आए और विसर्ग के बाद किसी वर्ग का तृतीय, चतुर्थ या पंचम वर्ण आए या य, र, ल, व, ह रहे तो विसर्ग का 'उ' हो जाता है और यह 'उ' पूर्ववर्ती 'अ' से मिलकर गुणसंधि द्वारा 'ओ' हो जाता है; **जैसे**– मनः+रथ = मनोरथ।

62. 'चन्द्रोदय' में कौन-सी संधि है?
(a) यण सन्धि (b) दीर्घ संधि
(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि

Ans. (d) : चन्द्र+उदय = चन्द्रोदय में 'गुण स्वर' संधि हैं। यहाँ 'चन्द्र' का 'अ' तथा उदय का 'उ' मिलकर गुण द्वारा 'ओ' हो जाते हैं।

63. निम्नलिखित में से 'वृद्धि स्वर संधि' किस शब्द में है-
(a) रजनीश (b) महौषध
(c) यतीन्द्र (d) शोधार्थी

Ans. (b) : **महौषध** शब्द में वृद्धि स्वर संधि है-
इसका संधि विच्छेद महा + औषध यदि 'अ'/'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' तो दोनों के स्थान में 'ऐ' तथा 'ओ' या औ आए तो दोनों के स्थान में 'औ' हो जाता है; जैसे– परम + औषध = परमौषध।

64. 'सदाशय' की सही संधि-विच्छेद होगा-
(a) सद + आशय (b) सतत + आशय
(c) सत् + आशय (d) सदा + आशय

Ans. (c) : सदाशय का सही संधि विच्छेद सत्+आशय होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play

65. 'जिसके पास कुछ भी न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
(a) अकिंचन (b) किंचित्
(c) आकुंचन (d) अलभ्य

Ans. (a) : 'जिसके पास कुछ भी न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अकिंचन' होगा। शेष इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| आकुंचन | – | सिकुड़ना/टेढ़ा होना |
| किंचित् | – | अल्प मात्रा में |
| अलभ्य | – | जो न मिलता हो। |

66. 'अन्त्यज' शब्द के लिए सही वाक्यांश है-
(a) अण्डे से पैदा होने वाला
(b) किसी के अन्तर से उत्पन्न
(c) अपने सगे-संबंधियों को छोड़ देने वाला
(d) तथाकथित निम्नजाति में जन्म लेने वाला

Ans. (d) : 'अन्त्यज' शब्द के सही वाक्यांश तथाकथित निम्नजाति में जन्म लेने वाला होगा। शेष इस प्रकार हैं–

| | |
|---|---|
| अण्डे से पैदा होने वाला– | अण्डज |
| किसी के अन्तर से उत्पन्न– | अन्तर्जात |

67. 'अनिश्चित जीविका' के लिए एक सही शब्द है-
(a) आंशिक सेवा (b) अस्थायी सेवा
(c) अर्द्ध रोजगार (d) आकाशवृत्ति

Ans. (d) : 'अनिश्चित जीविका' के लिए एक सही शब्द 'आकाशवृत्ति' होगा। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं है।

68. 'जिस पर हमला न किया गया हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
(a) अक्रान्ता (b) आक्रामक
(c) अयोध्या (d) अनाक्रान्त

Ans. (d) : 'जिस पर हमला न किया गया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनाक्रान्त' होगा। आक्रमण करने वाले को 'आक्रान्ता' कहते हैं। हमला या प्रहार करने वाला 'आक्रामक' कहलाता है।

69. 'जो बहुत मंद गति से कार्य करता हो' वाक्यांश के लिए सही शब्द है-
(a) मंथर (b) दीर्घसूत्री
(c) सत्वर (d) मंदाक्रान्ता

Ans. (a) : 'जो बहुत मंद गति से कार्य करता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'मंथर' होगा। 'दीर्घसूत्री' का आशय है- अत्यन्त धीरे-धीरे एवं देर में काम करने वाला।

70. 'उचित-अनुचित का ज्ञान रखने वाला' वाक्यांश के लिए सही शब्द है-
(a) विवेकी (b) ज्ञानि
(c) चतुर (d) दूरदर्शी

Ans. (a) : 'उचित-अनुचित का ज्ञान रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'विवेकी' होगा। जो दूर (भविष्य) की देखता हो- 'दूरदर्शी' कहलाता है।

71. 'जो अपने कर्त्तव्य का निश्चय न कर सके' इस वाक्य को एक शब्द में कह सकते हैं-
(a) द्वन्द्वग्रस्त (b) भ्रमित
(c) किंकर्त्तव्यविमूढ़ (d) द्विविधाग्रस्त

Ans. (c) : 'जो अपने कर्त्तव्य का निश्चय न कर सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'किंकर्त्तव्यविमूढ़' होगा। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं है।

72. 'अनेक युगों से चले आने वाले' वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) समीचीन (b) प्राचीन
(c) कालान्तर (d) सनातन

Ans. (d) : 'अनेक युगों से चले आने वाले' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'सनातन' होगा। 'समीचीन' का अर्थ है यथार्थ, उचित या ठीक।

73. 'ऐसा कवि जो तत्काल रचना करता हो' उस के लिए एक सही शब्द होगा-
(a) कविराज (b) आशुकवि
(c) महाकवि (d) कवीश

Ans. (b) : 'ऐसा कवि जो तत्काल रचना करता हो' वाक्यांश के लिए सही शब्द 'आशुकवि' होगा। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं है।

74. 'पौ बारह होना' मुहावरा का सही अर्थ है-
(a) सब तरह की सुख-सुविधाओं का होना
(b) उपद्रव करना
(c) पलायन कर जाना
(d) प्रयासरत होना

Ans. (a) : 'पौ बारह होना' मुहावरे का सही अर्थ है– 'सब तरह की सुख-सुविधाओं का होना' होगा। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं है।

75. 'सब्जबाग दिखाना' मुहावरा का अर्थ है-
(a) बाग में घूमने जाना (b) साग-सब्जी पैदा करना
(c) प्रलोभन देना (d) भयभीत करना

Ans. (c) : 'सब्जबाग दिखाना' मुहावरा का अर्थ– 'प्रलोभन देना' होगा। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं है।

76. 'खुदा गंजे को नाखून न दे' लोकोक्ति का अभिप्राय है-
(a) छोटे आदमी का प्रेम अस्थिर होता है
(b) लज्जित हो कर दूसरे पर क्रोध न निकाले
(c) एक दोष पहिले से था, दूसरा और आ गया
(d) अत्याचारी को शक्ति नहीं मिलनी चाहिए

Ans. (d) : 'खुदा गंजे को नाखून न दे' लोकोक्ति का दिये गये विकल्पों में से सही अर्थ है– 'अत्याचारी को शक्ति नहीं मिलनी चाहिए'।

| अर्थ | | लोकोक्ति |
|---|---|---|
| छोटे आदमी का प्रेम अस्थिर होता है | – | ओछे की प्रीत बालू की भीति। |
| लज्जित हो कर दूसरे पर क्रोध न निकाले | – | खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे |
| एक दोष पहिले से था, दूसरा और आ गया | – | एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा |
| अत्याचारी को शक्ति नहीं मिलनी चाहिए | – | खुदा गंजे को नाखून न दे |

77. 'कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर' लोकोक्ति का सही आशय है-
(a) संघर्ष होना
(b) एक दूसरे की सहायता करना
(c) भलाई करना
(d) एक-से स्वभाव वाले होना

Ans. (b) : 'कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर' लोकोक्ति का दिये गये विकल्पों में सही आशय है- 'एक दूसरे की सहायता करना।' शेष विकल्प संगत नहीं हैं। प्रायः स्थिति में उलट-फेर को व्यक्त करने के लिए इस लोकोक्ति का प्रयोग होता है।

78. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का अभिप्राय है-
(a) शत्रुता दोनों पक्षों की गलती से होती है-
(b) संघर्ष बराबरी वाले दो पक्षों में होना चाहिए
(c) एक आदमी से काम नहीं चलता
(d) सराहना हेतु दोनों से ताली बजाएं

Ans. (a) : 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' दिये गये विकल्पों में लोकोक्ति का सही अभिप्राय है- शत्रुता दोनों पक्षों की गलती से होती है।

79. 'उड़ती चिड़ियाँ के पंख गिनना' मुहावरा का सही अर्थ होगा-
(a) अनुभवी होना
(b) वाक्चतुर होना
(c) प्रतिभाशाली होना
(d) असंभव कार्य करना

Ans. (a) : 'उड़ती चिड़ियाँ के पंख गिनना' मुहावरा का सही अर्थ है- अनुभवी होना। वैसे इस मुहावरे का प्रयोग प्रायः 'विशेष जानकारी प्राप्त कर लेना' अर्थ में होता है।

80. 'नक्कारखाने में तूती की आवाज' मुहावरा का अभिप्राय है-
(a) तूती की आवाज सबसे ऊँची होती है
(b) नक्करखाने में तूती नहीं बोलती
(c) नकारे लोगों की सर्वत्र तूती बोलती रहती है
(d) समर्थ व्यक्ति के सामने असमर्थ व्यक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता

Ans. (d) : 'नक्कारखाने में तूती की आवाज' मुहावरा न होकर लोकोक्ति है जिसका दिये गये विकल्पों में से सही अर्थ है- समर्थ व्यक्ति के सामने असमर्थ व्यक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता।

81. 'आँख के अंधे नाम नयनसुख' का सही अर्थ है-
(a) गुणों के विरुद्ध नाम का होना
(b) बुद्धिहीन किन्तु पर्याप्त धनवान
(c) अंधा आदमी प्रायः गुणवान होता है
(d) एक आँख के अंधे को भी सभी सुखद अनुभव हो सकते हैं

Ans. (a) : 'आँख के अंधे नाम नयनसुख' का सही अर्थ है- 'गुणों के विरुद्ध नाम का होना।' 'बुद्धिहीन' किन्तु पर्याय धनवान' इस अर्थ के लिए प्रयुक्त लोकोक्ति है- आँख का अंधा गाँठ का पूरा। शेष असंगत अर्थ वाले विकल्प हैं।

82. 'चिकना घड़ा होना' मुहावरा का सही अर्थ है-
(a) चिकना चुपड़ा होना
(b) समृद्ध होना
(c) निर्लज्ज होना
(d) मधुरभाषी होना

Ans. (c) : 'चिकना घड़ा होना' मुहावरा का दिये गये विकल्पों में से सही अर्थ है- निर्लज्ज होना।

83. 'साधु' का स्त्रीलिंग शब्द है-
(a) साधुनी
(b) साध्वी
(c) साधुआईन
(d) साधुवाइनि

Ans. (b) : 'साधु' का स्त्रीलिंग शब्द 'साध्वी' होता है। विकल्प में दिये गये शेष शब्द त्रुटिपूर्ण है।

84. 'मैं काम से जा रहा हूँ' वाक्य में 'से' का कारक है-
(a) संप्रदान
(b) करण
(c) अपादान
(d) अधिकरण

Ans. (b) : 'मैं काम से जा रहा हूँ'। वाक्य में 'से' का कारक सम्प्रदान है, जो कि 'के लिए' का बोध कराता है। शुद्ध रूप होगा- मैं काम के लिए जा रहा हूँ। अपादान अलग होने के अर्थ में प्रयुक्त होता है, जहाँ से पृथक हुआ जाता है अर्थात् आधार में अपादान कारक प्रयुक्त होता है, यथा- पेड़ से पत्ते गिरते हैं। यहाँ 'पेड़ से' अपादान कारक का उदाहरण है। करण कारक से क्रिया के 'साधन' का और अधिकरण से 'आधार' का बोध होता है।

85. 'वह पहुँचा ही होगा' वाक्य में क्रिया का काल होगा-
(a) भविष्य
(b) हेतुहेतुमद्भुत
(c) वर्तमान
(d) आसन्नभूत

Ans. (d) : 'वह पहुँचा ही होगा' वाक्य में क्रिया में 'काल-आसन्न भूतकाल' है। आसन्न भूत से क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है। इस वाक्य में 'ही' निपात से क्रिया के तत्काल ही पूर्ण होने का बोध हो रहा है।

86. निम्नलिखित में एक वर्तनी अशुद्ध है। उसे चयनित कीजिए-
(a) उज्ज्वल
(b) श्रृंगार
(c) कवयित्री
(d) श्रद्धा

Ans. (b) : 'श्रृंगार' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध शृंगार होगा। जबकि उज्ज्वल, कवयित्री, श्रद्धा शुद्ध शब्द हैं।

87. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(a) उपरोक्त
(b) उपरियुक्त
(c) ऊपरयुक्त
(d) उपर्युक्त

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में 'उपर्युक्त' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। 'उपरि+उक्त' शब्दों का योग यण सन्धि के अन्तर्गत होता है और 'उपर्युक्त' शब्द निर्मित होता है। शेष त्रुटिपूर्ण शब्द है।

88. निम्नलिखित ईकारान्त शब्दों में एक पुल्लिंग है, उसे चयनित कीजिए-
(a) पानी
(b) नदी
(c) रोटी
(d) बकरी

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** दिये गये शब्दों में 'पानी' पुल्लिंग शब्द है। एक वाक्य देखें- पानी पिया जाता है। शेष सभी शब्द स्त्रीलिंग है, यथा–
- नदी बहती है।
- रोटी खायी जाती है।
- बकरी चरती है।

**89. 'श्याम जल से पौधे सींच रहा है' वाक्य का शुद्ध रूप होगा-**
(a) श्याम पौधे को जल से सींच रहा है
(b) पौधे का जल से सींच रहा है श्याम
(c) श्याम पौधे सींच रहा है
(d) जल से सींच रहा है श्याम पौधे को

**Ans. (c) :** 'श्याम जल से पौधे सींच रहा है' इस वाक्य का दिये गये वाक्यों में से शुद्ध रूप होगा– **श्याम पौधे सींच रहा है।** जब यह सार्वभौमिक सत्य है कि सींचने कार्य जल से ही संभव है, किसी अन्य पदार्थ से नहीं तब यहाँ 'जल' शब्द का प्रयोग सर्वथा निरर्थक है।

**90. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य को चयनित कीजिए-**
(a) वह उद्दण्डनीय है
(b) वह दण्ड भोगने के योग्य है
(c) वह दण्डयोग्य है
(d) वह दण्ड देने के योग्य है

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है– **वह दण्डयोग्य है।** शेष वाक्यों में अतिरिक्त पद दोष है।

**91. इन वाक्यांशों में एक अशुद्ध वाक्य है, उसका चयन कीजिए-**
(a) उसमें बचपन है
(b) उसमें बच्चापन है
(c) वह बचपन से नटखट है
(d) तुम बचपन से सीधे हो

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है– उसमें बचपन है। इस वाक्य का शुद्ध रूप है– उसमें बचपना है। शेष वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध है।

**92. कौन-सा शब्द 'द्विज' का अनेकार्थी नहीं है-**
(a) चन्द्रमा (b) पक्षी
(c) दाँत (d) सिंह

**Ans. (d) :** दिये गये शब्दों में 'सिंह' शब्द द्विज का अनेकार्थी नही है। ध्यातव्य है कि द्विज अनेकार्थी शब्द है जिसके अर्थ इस प्रकार है– चन्द्रमा, पक्षी, दाँत, ब्राह्मण।

**93. इनमें से कौन-सा शब्द 'अम्बर' का अनेकार्थी है-**
(a) गगन (b) पृथ्वी
(c) चन्द्रमा (d) वायु

**Ans. (a) :** दिये गये शब्दों में 'गगन' अम्बर का अनेकार्थी शब्द है। अम्बर का एक अन्य अर्थ 'कपड़ा' भी होता है। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं हैं।

**94. 'अचल' शब्द का एक अर्थ है 'स्थिर' और दूसरा अर्थ है-**
(a) चलायमान (b) निश्चल
(c) स्थविर (d) गतिमान

**Ans. (b) :** 'अचल' शब्द का अर्थ है, 'स्थिर' और दूसरा अर्थ है- निश्चल। चलायमान तथा गतिमान परस्पर समानार्थी शब्द है।

**95. इनमें से 'अमृत' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है-**
(a) वज्र (b) तूणीर
(c) पीयूष (d) वाण

**Ans. (c) :** अमृत शब्द का समानार्थी शब्द है– **पीयूष।** इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– सुधा, अमिय, जीवनोदक। 'तूणीर' का अर्थ 'तरकस' होता है।

**96. निम्नलिखित विकल्पों में से 'मत्सर' शब्द का अनेकार्थी रूप चुनिए-**
(a) क्रोध (b) राग
(c) द्वेष (d) ईर्ष्या

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में 'मत्सर' का अनेकार्थी रूप 'द्वेष' है। शेष इसके अर्थ की दृष्टि से असंगत है।

**97. 'सर्प', 'मेघ', 'हरिण' किस शब्द के अनेकार्थी है-**
(a) सारंग (b) नारंग
(c) शारंग (d) षडंग

**Ans. (a) :** 'सारंग' अनेकार्थी शब्द है जिसके अनेक अर्थ इस प्रकार है– रंगीन, सुन्दर, रसीला, दीपक, सूर्य, चन्द्रमा, आकाश, मेघ, बिजली, समुद्र, तालाब, पानी, शंख, मोती, कमल, मोर, सिंह, हिरण, साँप। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं है।

**98. 'स्वर्ग', 'पृथ्वी', 'सूर्य' किस शब्द के अनेकार्थी हैं-**
(a) गोचर (b) गो
(c) खेचर (d) सचराचर

**Ans. (b) :** स्वर्ग, पृथ्वी, सूर्य अनेक अर्थ 'गो' अनेकार्थी शब्द के अर्थ है। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं है।

**99. 'प्रतिष्ठा', 'जल', 'चमक' किस शब्द के अनेकार्थी हैं-**
(a) अग्नि (b) आकाश
(c) मोती (d) पानी

**Ans. (d) :** प्रतिष्ठा, जल एवं चमक 'पानी' अनेकार्थी शब्द के अनेक अर्थ हैं। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं है।

**100. 'विधि' के इन अनेकार्थी शब्दों में एक गलत है, उसे चयनित कीजिए-**
(a) ब्रह्मा (b) कानून
(c) अवधि (d) पद्धति

**Ans. (c) : अवधि** 'विधि' का अर्थ नहीं है विधि अनेकार्थी शब्द है जिसके अनेक अर्थ हैं– प्रणाली, पद्धति, ब्रह्मा, कानून, तरीका, व्यवस्था, आचार, व्यवहार आदि।

**101. संख्याएं, $7\sqrt{5}, \frac{7}{\sqrt{5}}, \sqrt{2}+21, \pi-2$ हैं-**
(a) अपरिमेय (b) परिमेय
(c) ऋणात्मक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GET IT ON Google Play

**Ans. (a)** अपरिमेय संख्या – **वह** वास्तविक संख्या जिसे p/q के रूप में **व्यक्त नहीं किया** जा सकता, जहाँ p और q पूर्णांक है, जिसमें $q \neq 0$, इसका दशमलव विस्तार कभी दोहराता या समाप्त नहीं होता है।

उदाहरण– $\sqrt{2}, \pi$, इत्यादि।

**102. 1 से 44 तक की विषम संख्याओं का योग होगा-**

(a) 520 (b) 484
(c) 420 (d) 320

**Ans. (b)** 1 से 44 तक विषम संख्याएँ = 1, 3, 5, ...... 43

अन्तिम पद $l = a + (n-1)d$ से

$43 = 1 + (n-1) \times 2$

$2n - 2 = 42$

$n = \frac{44}{2} = 22$

पदों का योग $(S_n) = \frac{n(a+l)}{2}$

$= 22 \times \left(\frac{1+43}{2}\right) = 22 \times 22 = 484$

**103. 499409 में सभी 9 के स्थानीयमानों का योगफल क्या है?**

(a) 999 (b) 27
(c) 99009 (d) $9^3$

**Ans. (c)** स्थानीय मान निकालने पर-

4 9 9 4 0 9

9 x 1 = 9

9 x 1000 = 9000

9 x 10000 = 90000

योगफल =

90000
9000
9
99009

**104. आंकड़े 2,3,2,4,5,2,2,6,2 में 2 की बारम्बारता है-**

(a) 2 (b) 5
(c) 4 (d) 3

**Ans. (b) बारम्बारता–** सांख्यिकी में, किसी प्रयोग या अध्ययन में कोई घटना जितनी बार घटित होती है, उस संख्या को उस घटना की बारम्बारता कहते हैं।

आँकड़ें– 2,3,2,4,5,2,2,6,2 में 2 की बारम्बारता = 5 है।

**105. दो संख्याओं का अन्तर बड़ी संख्या के 20% के बराबर है। यदि छोटी संख्या 12 है तो बड़ी संख्या है-**

(a) 10 (b) 18
(c) 12 (d) 15

**Ans. (d)** माना बड़ी संख्या = x

प्रश्नानुसार, x –12 = x का 20%

$x - 12 = \frac{x \times 20}{100} \Rightarrow x - \frac{x}{5} = 12$

$4x = 60$

$x = 15$

**106. किसी संख्या के 40% का 16% यदि 8 के बराबर है, तो वह संख्या होगी-**

(a) 125 (b) 112
(c) 110 (d) 40

**Ans. (a)** माना संख्या = x

प्रश्नानुसार,

(x का 40%) का 16% = 8

$\Rightarrow \frac{x \times 40}{100} \times \frac{16}{100} = 8$

$x = \frac{8 \times 100 \times 100}{40 \times 16}$

$= 125$

**107. x में x का 8% जोड़ने पर एक संख्या प्राप्त होती है। वही संख्या x को निम्न से गुणा करने पर प्राप्त होगी-**

(a) 1.08 (b) 0.24
(c) $\frac{52}{9}$ (d) 40

**Ans. (a)** प्रश्नानुसार

$x + x \times \frac{8}{100} = \frac{108}{100} \times x = 1.08 \times x$ (विकल्प से)

अर्थात् x को 1.08 से गुणा करने पर वही संख्या प्राप्त होगी।

**108. किसी संख्या का 10% उसी संख्या के 20% से 4 कम है तो संख्या होगी-**

(a) 30 (b) 35
(c) 20 (d) 40

**Ans. (d)** माना संख्या x है

प्रश्नानुसार,

$\frac{10x}{100} + 4 = \frac{20x}{100}$

$\Rightarrow 20x - 10x = 400$

$\Rightarrow 10x = 400$

$\Rightarrow x = 40$

**109. एक व्यापारी कुछ सामान 150 रु. में खरीदता है। यदि अतिरिक्त खर्च 12% हो तो 10% लाभ कमाने के लिये विक्रय मूल्य होगा-**

(a) 185.80 रु. (b) 184.80 रु.
(c) 187.80 रु. (d) 188.80 रु.

**Ans. (b)** CP = 150

अतिरिक्त खर्च = 12%

अतिरिक्त खर्च सहित कुल लागत कीमत =

$150 + 150 \times \frac{12}{100} = 150 + 18 = 168$

10% लाभ कमाने के लिए वस्तु का विक्रयमूल्य

$= 168 \times \frac{110}{100} = 184.80$

**110. किसी विश्वविद्यालय की परीक्षा में 30% छात्र गणित में अनुत्तीर्ण हुए, 40% छात्र भूगर्भ विज्ञान में तथा 20% दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण हुए। तो उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत है-**

(a) 52 (b) 50
(c) 54 (d) 58

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (b)** माना कुल विद्यार्थी 100% है।
दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण = 20%
केवल गणित में अनुत्तीर्ण = (30–20)% = 10%
केवल भूगर्भ विज्ञान में अनुत्तीर्ण = (40 – 20)% = 20%
कुल अनुत्तीर्ण विद्यार्थी = 20 + 20 + 10 = 50%
उत्तीर्ण विद्यार्थी = (100 – 50)% = 50%

**111.** व्यंजक $\frac{5+5\times5}{5\times5+5}\times\frac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}}{\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}}-\left(5-\frac{1}{5}\right)\times\frac{\frac{1}{2}}{10}$ का मान है-

(a) 5 (b) 1
(c) $\frac{1}{5}$ (d) $\frac{2}{5}$

**Ans. (b)**

$$\frac{5+5\times5}{5\times5+5}\times\frac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}}{\frac{1}{5}\text{ का }\frac{1}{5}\div\frac{1}{5}}-\left(5-\frac{1}{5}\right)\times\frac{1}{2/10}$$

$$=\frac{30}{30}\times\frac{\frac{1}{5}\div\frac{1}{25}}{\frac{1}{5}\times\frac{1}{5}\times\frac{5}{1}}-\frac{24}{5}\times\frac{10}{2}$$

$$=1\times\frac{\frac{1}{5}\times25}{\frac{1}{5}}-24$$

$$\Rightarrow 25-24=1$$

**112.** निम्न आंकड़ों 14,25,14,28,18,17,18,14,23,22,14,18 बहुलक है-

(a) 14 (b) 18
(c) 25 (d) 17

**Ans. (a)** 14,25,14,28,18,17,18,14,23,22,14,18 का बहुलक 14 होगा। चूंकि 14 सर्वाधिक बार (4) शामिल है।

**113.** एक परीक्षा में 6 विद्यार्थियों के प्राप्तांकों 61,51,53,33,47,41 की माध्यिका है-

(a) 51 (b) 47
(c) 49 (d) 53

**Ans. (c)** विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंको का बढ़ता क्रम = 33, 41, 47, 51, 53, 61
विद्यार्थियों की संख्या (n) = 6

$$\text{माध्यिका} = \frac{\left(\frac{n}{2}\right)\text{वें पद का मान}+\left(\frac{n}{2}+1\right)\text{वें पद का मान}}{2}$$

$$=\frac{\left(\frac{6}{2}\right)\text{वें पद का मान}+\left(\frac{6}{2}+1\right)\text{वें पद का मान}}{2}$$

$$\frac{\text{3वाँ पद + 4वाँ पद}}{2}=\frac{47+51}{2}=\frac{98}{2}=49$$

**114.** यदि x तथा $\frac{1}{x}$ का माध्य M है तो $x^2$ और $\frac{1}{x^2}$ का माध्य है-

(a) $M^2$ (b) $\frac{M^2}{4}$
(c) $2M^2-1$ (d) $2M^2+1$

**Ans. (c)** प्रश्नानुसार,

$$\frac{x+\frac{1}{x}}{2}=M$$

$$\Rightarrow x+\frac{1}{x}=2M \quad ..........(i)$$

अब,

$$x^2 \text{ व } \frac{1}{x^2} \text{ का माध्य} = \frac{x^2+\frac{1}{x^2}}{2}$$

$$=\frac{1}{2}\left[\left(x^2+\frac{1}{x^2}+2\right)-2\right]$$

$$=\frac{1}{2}\left[\left(x+\frac{1}{x}\right)^2-2\right]$$

$$=\frac{1}{2}\left[(2M)^2-2\right] \quad \text{(समी. (i) से)}$$

$$=2M^2-1$$

**115.** यदि 6 वस्तुओं का क्रय मूल्य 4 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर हो तो लाभ प्रतिशत है-

(a) 35% (b) 45%
(c) 40% (d) 50%

**Ans. (d)** माना 1 वस्तु का क्रय मूल्य = 1 रु.
प्रश्नानुसार,
6 वस्तुओं का क्रय मूल्य = 6 रु.
तो 4 वस्तुओं का वि.मू. = 6 रु.
∴ 6 वस्तुओं का वि.मू. = $=\frac{6\times6}{4}=9$ रु.
लाभ = वि.मू. – क्र.मू. ⇒ 9 – 6 = 3 रु.
लाभ% = $\frac{3}{6}\times100=\boxed{50\%}$

**116.** a और b दोनों वास्तविक संख्यायें हैं। संबंध $\sqrt{ab}=\sqrt{a}\sqrt{b}$

(a) कभी सत्य नहीं है
(b) सदैव सत्य है
(c) सत्य है जब दोनों a और b ऋणात्मक हैं
(d) सत्य है जब दोनों में से कम से कम एक धनात्मक हैं

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (d)** परिमेय तथा अपरिमेय संख्याओं को वास्तविक संख्याएँ कहते हैं।

यदि a और b दोनों घनात्मक है-

$$\sqrt{2}\times\sqrt{3}=\sqrt{2\times3}$$
$$\sqrt{6}=\sqrt{6}$$

यदि a और b में से कोई एक धनात्मक तथा दूसरा ऋणात्मक है

$$\sqrt{-2}\times\sqrt{3}=\sqrt{(-2)\times3}$$
$$\sqrt{6}i=\sqrt{-6} \qquad (\text{जहाँ } i=\sqrt{-1})$$

यदि a और b दोनों ऋणात्मक है

$$\sqrt{-2}\times\sqrt{-3}=\sqrt{(-2)\times(-3)}$$
$$\sqrt{2}i\times\sqrt{3}i=\sqrt{6}$$
$$\sqrt{6}i^2=\sqrt{6}$$
$$-\sqrt{6}=\sqrt{6}$$

अतः $-\sqrt{6}\neq\sqrt{6}$

अर्थात् $\sqrt{ab}=\sqrt{a}\sqrt{b}$ यह तभी सत्य है जब दोनों में से कम से कम एक धनात्मक है।

**117. किसी सममित बंटन के लिए सत्य कथन है-**

(a) माध्य = माध्यिका = बहुलक
(b) माध्य > माध्यिका > बहुलक
(c) माध्य > बहुलक > माध्यिका
(d) माध्यिका > बहुलक > माध्य

**Ans. (a)** सममित बंटन तब होता है जब चर का मान नियमित आवृत्तियों पर होता है। सममित बंटन के लिए माध्य, माध्यिका और बहुलक यह निश्चित बिन्दु पर ही होते हैं।

**118. सत्य कथन है-**

(a) दो अपरिमेय संख्याओं का योग एक अपरिमेय संख्या नहीं है
(b) दो अपरिमेय संख्याओं का गुणनफल एक अपरिमेय संख्या है
(c) दो अपरिमेय संख्याओं का अन्तर एक अपरिमेय संख्या है
(d) एक परिमेय तथा एक अपरिमेय संख्याओं का गुणनफल अपरिमेय संख्या है

**Ans. (d)** एक परिमेय संख्या तथा एक अपरिमेय संख्या का गुणनफल अपरिमेय ही होता है।

**119. किसी वस्तु का अंकित मूल्य 450 रु. तथा विक्रय मूल्य 414 रु. है, तब बट्टे की दर है-**

(a) 14% (b) 8%
(c) 12% (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b)** बट्टा = अंकित मूल्य − विक्रय मूल्य

$$=450-414=36$$

बट्टे की दर $=\frac{36\times100}{450}=8\%$

**120.** यदि $\frac{\sqrt{7}-1}{\sqrt{7}+1}-\frac{\sqrt{7}+1}{\sqrt{7}-1}=a+b\sqrt{7}$, **जहां a,b परिमेय संख्यायें हैं तो (a, b) बराबर है-**

(a) $\left(0,-\frac{2}{3}\right)$ (b) $\left(-\frac{2}{3},0\right)$
(c) $\left(0,\frac{2}{3}\right)$ (d) $\left(\frac{2}{3},0\right)$

**Ans. (a)** $\frac{\sqrt{7}-1}{\sqrt{7}+1}-\frac{\sqrt{7}+1}{\sqrt{7}-1}=a+b\sqrt{7}$

$$\frac{(\sqrt{7}-1)\times(\sqrt{7}-1)}{(\sqrt{7}+1)(\sqrt{7}-1)}-\frac{(\sqrt{7}+1)\times(\sqrt{7}+1)}{(\sqrt{7}-1)(\sqrt{7}+1)}=a+b\sqrt{7}$$

$$\frac{(\sqrt{7}-1)^2}{6}-\frac{(\sqrt{7}+1)^2}{6}=a+b\sqrt{7}$$

$$\frac{7+1-2\sqrt{7}-7-1-2\sqrt{7}}{6}=a+b\sqrt{7}$$

$$0+\left(\frac{-4}{6}\right)\sqrt{7}=a+b\sqrt{7}$$

दोनों पक्षों की तुलना करने पर–

$$\begin{pmatrix}a=0\\ b=\frac{-4}{6}\end{pmatrix}\text{or}(a,b)=\left(0,\frac{-2}{3}\right)$$

**121. एक नगर की जनसंख्या 10,000 है। पहले वर्ष यह 10% की दर से बढ़ती है और दूसरे वर्ष यह 10% की दर से कम हो जाती है। दूसरे वर्ष के अन्त में जनसंख्या बराबर है-**

(a) 10,000 (b) 11,100
(c) 9,900 (d) 12,200

**Ans. (c)** दूसरे वर्ष के अंत में जनसंख्या =

$$10000\times\frac{110}{100}\times\frac{90}{100}=9900$$

**122. यदि $x_1, x_2, x_3......x_n$ का माध्य $\bar{x}$ है तो $mx_1, mx_2, mx_3,...........mx_n$ का माध्य है-**

(a) $\sum_1^n mx$ (b) $\sum_1^n m\bar{x}$
(c) $m\bar{x}$ (d) $\frac{m}{n}\bar{x}$

**Ans. (c)** प्रश्नानुसार,

$$\frac{x_1+x_2+x_3+.......+x_n}{n}=\bar{x} \qquad .....(i)$$

$$=\frac{mx_1+mx_2+mx_3+.......+mx_n}{n}$$

$$=m\left(\frac{x_1+x_2+x_3+.......+x_n}{n}\right) \qquad \text{समी. (i) से}$$

$$=m\bar{x}$$

नोट- यदि प्रत्येक संख्या में n का गुणा, भाग, जोड़ अथवा घटाव किया जाये तो उसके माध्य में भी उसी संख्या का गुणा, भाग, जोड़ तथा घटाव हो जाता है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**123. निम्न संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या है-**

(a) $(2+2+2)^2$ (b) $[(2+2)^2]^2$
(c) $(2\times2\times2)^2$ (d) $[(2+2)\times2]^2$

**Ans. (b)**
(a) $(2+2+2)^2 = 6^2 = 36$
(b) $[(2+2)^2]^2 = (4^2)^2 = (16)^2 = 256$
(c) $(2\times2\times2)^2 = (8)^2 = 64$
(d) $[(2+2)\times2]^2 = 8^2 = 64$
अतः सबसे बड़ी संख्या $[(2+2)^2]^2 = 256$ है।

**124. सबसे छोटी अभाज्य संख्या है-**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

**Ans. (c)** सबसे छोटी अभाज्य संख्या 2 होती है।
1 से बड़ी वे प्राकृतिक संख्याएँ जो 1 या स्वयं के अतिरिक्त किसी अन्य प्राकृतिक संख्या से विभाजित नहीं होती, अभाज्य संख्याएँ कहलाती है।

**125. समीकरण $x + 2y = 3$ का, निम्न में से कौन हल नहीं हैं?**

(a) $x = 0, y = 3$ (b) $x = 3, y = 0$
(c) $x= 5, y = -1$ (d) $x = 1, y = 1$

**Ans. (a)** दिये गये विकल्पों में से (a) $x = 0$ , $y = 3$ रखने पर
समीकरण $x + 2y = 3$
$0 + 2 \times 3 = 3$
$6 \neq 3$
अतः $x = 0, y = 3$ समी. का हल नहीं है।

**126. समीकरणों**
**$5x + 8y = 35$**
**$3x + 9y = 42$**
**का हल है-**

(a) $x = 1, y = 5$ (b) $x = -1, y = 5$
(c) $x = 1, y = -5$ (d) $x = -1, y = -5$

**Ans. (b)** $5x + 8y = 35$ ............ (i)
$3x + 9y = 42$ ............ (ii)
समी. (i) में 3 व (ii) में 5 गुणा करके घटाने पर
$$15x + 24y = 105$$
$$15x + 45y = 210$$
$$-\quad-\quad-$$
$$-21y = -105$$
$$y = 5$$
समी. (i) में y का मान रखने पर
$$5x + 8 \times 5 = 35$$
$$5x = 35 - 40$$
$$x = \frac{-5}{5} = -1$$
अतः $x = -1, y = 5$

**127. *k* के किस मान के लिये निम्न युगपत समीकरणों के**
**3x-5y = 7**
**6x-10y= 3k**
**अनन्त हल होंगे?**

(a) $\frac{44}{3}$ (b) $\frac{12}{5}$
(c) $\frac{13}{9}$ (d) $\frac{14}{3}$

**Ans. (d)** माना
$a_1x + b_1y + c_1 = 0$ तथा
$a_2x + b_2y + c_2 = 0$ समी. के अनन्त होंगे।
जब $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$
समी. $3x - 5y = 7$
तथा $6x - 10y = 3k$
तब $\frac{3}{6} = \frac{-5}{-10} = \frac{7}{3k}$
$$\Rightarrow \frac{7}{3k} = \frac{1}{2} \Rightarrow k = \frac{14}{3}$$

**128. यदि (x-k), $2x^2$-13x+15 और $2x^2$-7x-15 का म.स.प हो तो, k का मान है-**

(a) 3 (b) 5
(c) 7 (d) 4

**Ans. (b)** $2x^2 - 13x + 15 = 2x^2 - 10x - 3x + 15$
$= 2x(x-5) - 3(x-5)$
$= (2x-3)(x-5)$
$2x^2 - 7x - 15 = 2x^2 - 10x + 3x - 15$
$= 2x(x-5) + 3(x-5)$
$= (2x+3)(x-5)$
अतः म. स. $= (x-5)$
म. स. $= (x-k)$ दिया है।
$\Rightarrow x - k = x - 5$
या $k = 5$

**129. यदि समीकरण $3x^2+(2k+1)x-(k+5)=0$ के मूलों का योगफल उनके गुणनफल के बराबर हो, तो k का मान है-**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (d)** $3x^2 + (2k+1)x - (k+5) = 0$
प्रश्नानुसार
मूलों का योगफल = मूलों का गुणनफल
$$\frac{-(2k+1)}{3} = \frac{-(k+5)}{3}$$
$$\Rightarrow 2k + 1 = k + 5$$
$$k = 4$$

**130. यदि $x^2$-6x+8>0 तो x का मान है-**

(a) निश्चित रूप से 4 से बड़ा
(b) निश्चित रूप से 2 से छोटा
(c) निश्चित रूप से 4 से छोटा
(d) 4 से बड़ा अथवा 2 से छोटा

**Ans. (d)** $x^2 - 6x + 8 > 0$
$\Rightarrow x^2 - 2 \times 3 \times x + 9 - 1 > 0$
$\Rightarrow (x-3)^2 - 1 > 0$
x का मान 4 से बड़ा अथवा 2 से छोटा होने पर समीकरण संतुष्ट होगा।

**131. यदि (x-2), $x^3 - 2ax^2 + ax - 1$ का एक गुणनखण्ड है तो a का मान है-**

(a) $\frac{6}{7}$ (b) $\frac{4}{5}$
(c) $\frac{7}{6}$ (d) $\frac{3}{5}$

**Ans. (c)** $\because (x-2), x^3 - 2ax^2 + ax - 1$ का गुणनखण्ड है।
अतः x = 2 समीकरण को संतुष्ट करेगा।
x = 2 रखने पर
$2^3 - 2a(2)^2 + 2a - 1 = 0$
$\Rightarrow 8 - 8a + 2a - 1 = 0$
$-6a = -7$
$a = \frac{7}{6}$

**132. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्तक 36 है तथा महत्तम समापवर्तक 6 है। यदि एक संख्या 12 है तो दूसरी है-**

(a) 3 (b) 6
(c) 18 (d) 24

**Ans. (c)** माना पहली संख्या x है।
सूत्र से,
पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.
$x \times 12 = 36 \times 6$
$x = \frac{36 \times 6}{12}$
$x = 18$

**133. समीकरणों 2x-3y-7=0, तथा 4x-14=6y के हैं-**

(a) अनंत हल (b) कोई हल नहीं
(c) दो हल (d) अद्वितीय हल

**Ans. (a)** $2x - 3y - 7 = 0$ ....................(i)
$4x - 6y - 14 = 0$ ....................(ii)
समी. (i) में 2 का गुणा करने पर-
$4x - 6y - 14 = 0$ .............(iii)
समी. (ii) व समी. (iii) एक समान है अर्थात् सम्पाती है।
अतः समीकरण (i) व (ii) के अनन्त हल होंगे।

**134. यदि दो बहुपदों P और Q के महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्तक क्रमशः H और L से प्रदर्शित हों तो-**

(a) $\frac{P}{Q} = \pm\frac{H}{L}$ (b) $\frac{H}{P} = \pm\frac{Q}{L}$
(c) $\frac{P}{L} = \pm\frac{Q}{H}$ (d) $PQ = \pm\frac{1}{LH}$

**Ans. (b)** $\because$ ल.स. × म.स. = पहला पद × दूसरा पद
$L \times H = P \times Q$
$\boxed{\frac{H}{P} = \pm\frac{Q}{L}}$

**135. यदि एक संख्या को उसकी व्युत्क्रम संख्या द्वारा वृद्धि कर देने पर $\frac{17}{4}$ के बराबर हो तो, संख्या है-**

(a) 8 (b) 3
(c) $\frac{1}{4}$ (d) 2

**Ans. (c)** माना संख्या = x
प्रश्नानुसार
$x + \frac{1}{x} = \frac{17}{4}$
$\frac{x^2 + 1}{x} = \frac{17}{4}$
$\Rightarrow 4x^2 + 4 = 17x$
$\Rightarrow 4x^2 - 17x + 4 = 0$
$\Rightarrow 4x^2 - 16x - x + 4 = 0$
$\Rightarrow 4x(x-4) - 1(x-4) = 0$
$\Rightarrow (4x-1)(x-4) = 0$
$\Rightarrow x = 1/4, x = 4$

**136. निम्नलिखित व्यंजकों $x^3$-1, $x^4+x^2+1$ महत्तम समापवर्तक है-**

(a) (x-1) (b) (x+1)
(c) $(x^2+1)$ (d) $(x^2+x+1)$

**Ans. (d)**
$x^3 - 1 = (x-1)(x^2+x+1)$ .....(i)
$x^4 + x^2 + 1 = x^4 + x^2 + x^2 + 1 - x^2$
$= x^4 + 1 + 2x^2 - x^2$
$= (x^2+1)^2 - (x)^2$
$= (x^2 + 1 + x)(x^2 + 1 - x)$ ......(ii)
समी. (i) व (ii) से,
म.स. = $x^2 + x + 1$

**137. द्विघात समीकरण $c'x^2+b'x+a'=0$ के मूलों का योगफल होगा-**

(a) $-\frac{b'}{c'}$ (b) $-\frac{c'}{b'}$
(c) $-\frac{b'}{a'}$ (d) $-\frac{c'}{a'}$

**Ans. (a)** $c'x^2 + b'x + a' = 0$
के मूलों का योगफल
$= \frac{-(x \text{ का गुणांक})}{(x^2 \text{ का गुणांक})}$
$= \frac{-b'}{c'}$

Adda247

GET IT ON Google Play

**138.** यदि समीकरण $px^2 - qx + r = 0$ के मूल $\alpha$ और $\beta$ हों तो $\left(\frac{1}{\alpha}+\frac{1}{\beta}\right)$ का मान होगा-

(a) $-\frac{q}{r}$ (b) $\frac{q}{r}$

(c) $\frac{p}{r}$ (d) $\frac{p}{r}$

**Ans. (b)** $px^2 - qx + r = 0$

मूलों का योग $(\alpha+\beta) = \frac{-(-q)}{p} = \frac{q}{p}$

मूलों का गुणनफल $(\alpha\beta) = \frac{r}{p}$

अब, $\frac{1}{\alpha}+\frac{1}{\beta} = \frac{\alpha+\beta}{\alpha\beta} = \frac{q/p}{r/p}$

$= \left(\frac{q}{r}\right)$

**139.** सबसे बड़ी संख्या जिससे 432, 534 एवं 398 को भाग देने पर शेषफल 7 रहता है, वह है-

(a) 17 (b) 34

(c) 32 (d) 98

**Ans. (a)** $432 - 7 = 425$

$534 - 7 = 527$

$398 - 7 = 391$

सबसे बड़ी संख्या = 425, 527, 391 का म.स.

$\Rightarrow$ $425 = 17 \times 5 \times 5$

$527 = 17 \times 31$

$391 = 17 \times 23$

म.स. = 17

$\Rightarrow$ सबसे बड़ी संख्या 17 होगी।

**140.** पांच वर्ष पूर्व रामू की आयु (वर्षों में) तथा नौ वर्ष पश्चात् आयु (वर्षों) का गुणनफल 15 है। रामू की वर्तमान आयु है-

(a) 10 वर्ष (b) 6 वर्ष

(c) 8 वर्ष (d) 7 वर्ष

**Ans. (b)** राम की वर्तमान आयु = x

प्रश्नानुसार–

$(x-5)(x+9) = 15$

$x^2 + 9x - 5x - 45 = 15$

$x^2 + 4x - 45 = 15$

$x^2 + 4x - 60 = 0$

$x^2 + 10x - 6x - 60 = 0$

$x(x+10) - 6(x+10) = 0$

$(x+10)(x-6) = 0$

$x = 6, x = -10$ (अमान्य)

अर्थात् रामू की वर्तमान आयु = 6 वर्ष

**141.** त्रिभुज की कोई माध्यिका उसे दो ऐसे त्रिभुजों में विभक्त करती है जो हैं-

(a) समान (b) सर्वांगसम

(c) समान क्षेत्रफल के (d) असमान क्षेत्रफल के

**Ans. (c)** त्रिभुज की माध्यिका, उसको समान क्षेत्रफल वाले दो त्रिभुजों में विभक्त करती है।

**142.** यदि किसी समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण बराबर हों त वह है-

(a) समलम्ब चतुर्भुज (b) चक्रीय चतुर्भुज

(c) समचतुर्भुज (d) आयत


**Ans. (d)** समान्तर चतुर्भुज जिसके विकर्ण बराबर होते हैं, व आयत कहलाता है।

**143.** एक सीढ़ी इस प्रकार रखी गई है कि इसका निचल सिरा दीवार से 5 मी. दूर है तथा इसका ऊपरी सि जमीन से 12 मी. ऊँची खिड़की तक जाता है। सीढ़ी क लम्बाई है-

(a) 13 मी. (b) 14 मी.

(c) 15 मी. (d) 16 मी.

**Ans. (a)**




सीढ़ी की लम्बाई (AC) $= \sqrt{(12)^2 + (5)^2}$

$= \sqrt{169}$

= 13 मी.

**144.** 13 सेमी, 14 सेमी और 15 सेमी भुजाओं वाले त्रि का क्षेत्रफल है-

(a) 94 सेमी$^2$ (b) 84 सेमी$^2$

(c) 74 सेमी$^2$ (d) 64 सेमी$^2$

**Ans. (b)** a = 13 cm, b = 14 cm, c = 15 cm

$s = \frac{a+b+c}{2} = \frac{13+14+15}{2} = 21$

त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{21(21-13)(21-14)(21-15)}$

$= \sqrt{21 \times 8 \times 7 \times 6}$

$= \sqrt{7056}$

$= 84\ cm^2$

**145.** उस वृत्त का क्षेत्रफल जिसकी परिधि 11 सेमी वाले वर्ग की परिमिति के बराबर हैं, $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

(a) 184 सेमी$^2$ (b) 174 सेमी$^2$

(c) 164 सेमी$^2$ (d) 154 सेमी$^2$

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (d)** वृत्त की परिधि = $2\pi r$

$\Rightarrow \quad 2\pi r = 11 \times 4$ (वर्ग की परिमिति = 4 × भुजा)

$r = \frac{44}{2\pi} = \frac{44 \times 7}{2 \times 22} = 7$ सेमी.

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2$

$= \frac{22}{7} \times 49$

$= 22 \times 7 = 154 \text{ cm}^2$

**146. एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $49\sqrt{3}$ वर्ग मीटर है। तो त्रिभुज की भुजा है-**

(a) 7 मी. (b) 14 मी.
(c) 21 मी. (d) 9 मी.

**Ans. (b)** समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}a^2$

तब $\frac{\sqrt{3}}{4}a^2 = 49\sqrt{3}$

$\Rightarrow a^2 = 49 \times 4$

$a^2 = 196$


a = 14 मीटर

**147. 15 मीटर और 30 मीटर ऊँचाई के दो खम्भे एक खेल के मैदान में सीधे खड़े हैं। उनके पादों के बीच की दूरी 36 मीटर है। उनके शीर्षों के बीच की दूरी है-**

(a) 39 मी. (b) 37 मी.
(c) 41 मी. (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a)** DC = AB = 36 m

BM = 30 – 15 = 15 m




दोनों शीर्षों के बीच की दूरी (AM) = $\sqrt{(BM)^2 + (AB)^2}$


$= \sqrt{(15)^2 + (36)^2}$

$= \sqrt{225 + 1296}$

$= \sqrt{1521}$

= 39 m

**148. चित्र में, O वृत्त का केन्द्र है तब $\angle PQR + \angle PRQ$ का मान है-**




(a) $70^0$ (b) $80^0$
(c) $90^0$ (d) $100^0$

**Ans. (c)**

$\angle QPR = 90^\circ$ (∵ अर्द्धवृत्त में बना कोण समकोण होता है।)


Δ PQR में,

$\angle QPR + \angle PQR + \angle PRQ = 180^\circ$

$90^\circ + \angle PQR + \angle PRQ = 180^\circ$

$\angle PQR + \angle PRQ = 90^\circ$

**149. चित्र में, PQ एक वृत्त का व्यास है और $\angle QRS = 150^0$ तो कोण $\angle SQP$ का मान है-**




(a) $40^0$ (b) $30^0$
(c) $60^0$ (d) $50^0$

**Ans. (c)** चक्रीय चतुर्भुज PQRS में,

$\angle QRS + \angle SPQ = 180^\circ$

$\angle SPQ = 180 - 150 = 30^\circ$

ΔPQS में,

$\angle QSP + \angle SPQ + \angle SQP = 180^\circ$

$90^\circ + 30^\circ + \angle SQP = 180^\circ$

($\angle QSP = 90^\circ$ अर्द्धवृत्त में बना कोण)

$\angle SQP = 180^0 - 120^0$

$= 60^\circ$

**150. यदि किसी त्रिभुज के कोण 4:3:2 के अनुपात में हैं, तो यह -**

(a) अधिककोण त्रिभुज है
(b) न्यूनकोण त्रिभुज है
(c) समकोण
(d) ऐसा त्रिभुज है जिसका एक का $80^0$ से अधिक है

**Ans. (b)** त्रिभुज के कोणों का अनुपात = 4 : 3 : 2

माना त्रिभुज के कोण $4K^0, 3K^0$ तथा $2K^0$

तब

$\Rightarrow 4K^0 + 3K^0 + 2K^0 = 180^0$

$9K^0 = 180^0$

$K^0 = 20^0$

अतएव $x = 80^\circ, y = 60^\circ, z = 40^\circ$

अर्थात् त्रिभुज न्यूनकोण त्रिभुज होगा।

नोट- त्रिभुज के तीनों कोणों का मान $180^0$ होता है।